# लघुत्तम समापवर्त्य व महत्तम समापवर्तक (LCM & HCF)

### गुणनखण्ड

एक संख्या को दूसरे का गुणनखण्ड कहा जाता है, यदि यह दूसरे को पूरी तरह से विभाजित कर दे। इस प्रकार 3 व 4, 12 के गुणनखण्ड हैं।

### समापवर्तक

वह संख्या जो दो या दो से अधिक दी हुयी संख्याओं को पूर्णतः विभाजित कर दे, उन संख्याओं का समापवर्तक कहलाती है। इस प्रकार 9, 18, 21 एवं 33 का एक समापवर्तक 3 है।

## LCM (Lowest Common Multiple) (लघुत्तम समापवर्त्य)

- वह सबसे छोटी संख्या जो दी गयी संख्याओं से पूर्णतयाः विभाज्य हो, LCM कहलाती है।
- **Power वाले संख्या का LCM निकालना** – अभाज्य गुणनखण्ड करने के बाद Power के रूप में लिखेगे और जितने अभाज्य संख्या का प्रयोग होगा उसे गुणा के रूप में लिखेगे और उस पर अधिकतम Power रखेंगे।

उदा.1 $(12)^{16}$, $(18)^{15}$, $(30)^{18}$ का LCM निकाले।

हल $(12)^{16} = (2 \times 2 \times 3)^{16} = (2^2 \times 3)^{16} = 2^{32} \times 3^{16}$

$(18)^{15} = (2 \times 3 \times 3)^{15} = (2 \times 3^2)^{15} = 2^{15} \times 3^{30}$

$(30)^{18} = (2 \times 3 \times 5)^{18} = 2^{18} \times 3^{18} \times 5^{18}$

अतः LCM = $2^{32} \times 3^{30} \times 5^{18}$ Ans.

**भिन्नों का LCM निकालना**

$$\text{LCM} = \frac{\text{अंशो का LCM}}{\text{हरो का HCF}}$$

उदा.2 $\frac{1}{2}$ व $\frac{5}{8}$ का LCM ?

$$\text{LCM} = \frac{1 \text{ व } 5 \text{ का LCM}}{2 \text{ व } 8 \text{ का HCF}} \Rightarrow \frac{5}{2}$$

## HCF (Highest Common Factor) महत्तम समापवर्तक

- वह सबसे बड़ी संख्या जिससे दी गयी सभी संख्याएँ पूर्णतः विभाजित हो, HCF कहलाता है।
- जैसे – 18 एवं 24 का म.स.प. 6 है।

उदा.1 HCF निकालना : दो संख्याओं का HCF भाग विधि द्वारा निकाला जाता है, तो भागफल क्रमशः 3, 4, एवं 5 प्राप्त होता है। यदि दो संख्याओं का HCF, 18 हो तो संख्याएँ ज्ञात कीजिए।

हल दो संख्याएँ a एवं b हैं

a) b (3
c) a (4
d) c (5
xx

अन्तिम भाजक HCF होता है ।

d = 18

c = 5 × d = 5 × 18 = 90

a = (4 × C) + d

= (4 × 90) + 18 = 378

b = 3a + c

= (3 × 378) + 90 = 1134 + 90

= 1224, 378 Ans

### Power वाली संख्या का HCF निकालना

पहले Base का अभाज्य गुणनखण्ड करेंगे और उसे Power के रूप में लिखेंगे और जो सभी में Common अभाज्य संख्या होगी, उसे गुणा के रूप में लिखेंगे और उस पर न्यूनतम Power रखेंगे।

उदा.1 $(24)^8$, $(36)^{12}$, $(18)^{16}$ का HCF निकालें।

हल $24 = (2^3 \times 3)^8 = 2^{24} \times 3^8$

$36 = (2^2 \times 3^2)^{12} = 2^{24} \times 3^{24}$

$18 = (2 \times 3^2)^{16} = 2^{16} \times 3^{32}$

अतः म.स.प. = $2^{16} \times 3^8$

### भिन्न का HCF निकालना

$$\text{भिन्न का HCF} = \frac{\text{अंश का HCF}}{\text{हर का LCM}}$$

उदा.1 $\frac{18}{25}, \frac{12}{7}, \frac{6}{35}$

हल $\frac{18, 12, 6 \text{ का HCF}}{25, 7, 35 \text{ का LCM}} = \frac{6}{175}$

किसी दो संख्याओं का जोड़ तथा ल.स.प. का म.स.प., उन संख्याओं के म.स. के बराबर होता है।

माना दो संख्याएँ x तथा y है, तथा उनका म.स. H है।

अतः $x = Ha$

$y = Hb$

जहाँ a तथा b परस्पर अभाज्य हैं।

x, y का LCM = Hab

और x + y = H(a + b)

अब 'a' तथा 'b' परस्पर अभाज्य संख्याएँ है, तो (a + b) तथा ab भी परस्पर अभाज्य होगी। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि H(a + b) तथा Hab का म.स. H ही होगा, जो x तथा y का भी म.स. है।

### LCM एवं HCF में Relation

LCM × HCF = दोनों संख्याओं का गुणनफल

उदा.1 दो संख्याओं का LCM एवं HCF क्रमशः 420 एवं 28 हैं। यदि एक संख्या 84 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए –

हल दूसरी संख्या $= \frac{420 \times 28}{84} = 140$

- जब कहा जाये कि x,y,z के लिये वह छोटी से छोटी संख्या क्या होगी जिसमें भाग देने पर r शेष बच जाये, इसके लिए उत्तर होगा x, y, z का (LCM + r)।
- वह छोटी से छोटी संख्या जिसे x,y,z से भाग करने पर शेषफल क्रमागत a,b,c हो। इसके लिये उत्तर होगा – (x, y, z) - K का LCM ।

## अभ्यास प्रश्न

### महत्तम समापवर्तक आधारित

सिद्धांत प्रश्नों के हल

उदा.1 84, 126, 140 का महत्तम समापवर्तक कितना है ?

उदा.2 $x^6 - 1$ और $x^4 + 2x^3 - 2x^1 - 1$ का म.स. क्या होगा ?

(a) $x^2 + 1$ (b) $x - 1$

(c) $x^2 - 1$ (d) $x + d$

**उत्तर** (c)

### लघुत्तम समापवर्त्य आधारित

सिद्धांत प्रश्नों के हल

उदा.1 15, 18, 24, 27, 36 का लघुत्तम समापवर्त्य क्या होगा ?

उदा.2 दो संख्याओं का योग 45 है। उनका अंतर योग का $\frac{1}{9}$ है, तो उनका ल.स. ज्ञात करें।

(a) 200 (b) 250

(c) 100 (d) 150

उत्तर (c)

उदा.3 छः घण्टियाँ एक साथ बजनी आरम्भ हुई, यदि ये घण्टियाँ क्रमशः 2, 4, 6, 8, 10, 12 सेकण्ड के अंतराल से बजे, तो 30 मिनट में कितनी बार ये एक साथ इक्कट्ठी बजेंगी ?

(a) 4 बार

(b) 10 बार

(c) 16 बार

(d) इनमें से कोई नहीं

### भिन्नों के ल.स.प. तथा म.स.प.

सिद्धांत प्रश्नों के हल

उदा.1 $\frac{14}{33}, \frac{42}{55}, \frac{21}{22}$ का महत्तम समापर्वतक ज्ञात कीजिए –

उदा.2 $\frac{11}{14}, \frac{55}{42}, \frac{33}{35}, \frac{44}{63}$ का लघुत्तमम समापर्वतक ज्ञात कीजिए –

उदा.3 तीन व्यक्ति एक 11 किमी. लम्बे वृत्ताकार पथ पर एक साथ एक ही दिशा में चलना प्रारंभ करते है। उनकी चाल क्रमशः 4, 5.5 एवं 8 किमी. प्रति घंटा है। वे तीनों एक साथ कितने समय बाद प्रारंभिक बिन्दु पर मिलेंगे ?

### ल.स.प. तथा म.स.प. के मध्य संबंध आधारित

प्रश्नों के हल

उदा.1 दो संख्याओं का ल.स. 225 तथा म.स. 5 है। यदि उसमें से एक संख्या 25 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात करें ?

(a) 5 (b) 25

(c) 45 (d) 225

उत्तर (c)

